पत्रांक 1468 /अका0

**बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर, नालंदा।**

प्रेषक,

**आलोक राज,** भा0पु0से0,
पुलिस महानिदेशक सह निदेशक,
बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर, नालंदा।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग,
बिहार पटना ।

राजगीर, दिनांक : 16.7.19

**विषय :** **बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में परिचारी विशिष्ट (रसोईया) के पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित करने के संबंध में ।**

**महाशय,**

उपरोक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि बिहार पुलिस अकादमी राजगीर में परिचारी विशिष्ट (रसोईया) के पदों पर नियुक्ति होनी है । इस नियुक्ति हेतु विज्ञापन का प्रारूप हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी (सी0डी0) संलग्न कर भेजा जा रहा है ।

अनुरोध है कि विज्ञापन दिनांक–22.07.2019 तक कम से कम 02 राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों में एवं बिहार पुलिस के सरकारी वेबसाईट पर प्रकाशित कराने की कृपा जाय ताकि निर्धारित समय पर नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सके ।

**अनुलग्नक :– यथोपरि ।**

विश्वासभाजन,

आलोक राज 16/7/19
पुलिस महानिदेशक सह निदेशक,
बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर, नालंदा।

प्रतिलिपि :–
1. पुलिस महानिदेशक, बिहार पटना को कृप्या सूचनार्थ ।
2. जिला नियोजन पदाधिकारी, नालंदा, बिहारशरीफ को विज्ञापन की प्रति प्रषित करते हुए अनुरोध है कि जिला नियोजनालय के माध्यम से विज्ञापन को प्रचारित एवं प्रशारित कराते हुए अग्रतर कार्रवई करने का कष्ट किया जाय ।

आलोक राज 16/7/19
पुलिस महानिदेशक सह निदेशक,
बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर, नालंदा।

# विज्ञापन

## बिहार सरकार
## बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में परिचारी विशिष्ट (रसोईया) पदों पर नियुक्ति

बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में परिचारी विशिष्ट (रसोईया), वेतनमान 18000–56900, लेवल–1 (सप्तम वेतन आयोग के अनुसार) के पद पर आरक्षण के आधार पर निम्नांकित रिक्तियॉ है :–

| क्र0 | पद का नाम | कुल संख्या | अनुसूचित जाति | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | पिछड़ा वर्ग | अनारक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रसोईया | 10 | 02 | 02 | 01 | 05 |

1. इन पदों पर नियुक्ति हेतु चयन स्थल बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर होगा ।
2. आवेदन पत्र ''उप निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर'' के कार्यालय में जमा किये जायेंगे । आवेदक दर्शाए गए प्रपत्र में आवेदन–पत्र ''उप निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर के यहॉ दिनांक–01.08.2019 से 14.08.2019 तक प्रातः 09:00 बजे से संध्या 17:00 बजे तक स्वयं जमा करेंगे तथा पावती प्राप्त करेंगे अथवा निबंधित डाक से (पावती सहित) उप निदेशक बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर के कार्यालय में भेजेंगे । सभी आवेदन के साथ अभ्यर्थी अपना पत्राचार पता अंकित कर एक लिफाफा (निबंधित डाक टिकट सहित) जमा करेंगे । अंतिम तिथि के बाद किसी भी श्रोत से प्राप्त आवेदन पत्र को स्वीकार नही किया जायेगा । अभ्यर्थी को भर्ती चयन समिति द्वारा निर्गत पावती पत्र को ही प्रवेश–पत्र माना जायेगा, जिस पर अभ्यर्थी का नाम एवं क्रमांक एवं फोटो अंकित रहेगा ।
3. अभ्यर्थी अपने आवेदन एवं आवेदन की प्राप्ति रसीद में निर्धारित स्थान पर अद्यतन पासपोर्ट साईज फोटो स्वहस्ताक्षरित सुरक्षित रूप में चिपकायेंगे ।
4. अभ्यर्थी अपने आवेदन के साथ सभी आवश्यक प्रमाण–पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करेंगे । सभी सफल उम्मीदवार नियुक्ति के समय चयन समिति के समक्ष अपना मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेंगे ।
5. चयन हेतु भाग लेने वाले अभ्यार्थीयों को रसोईया के पद पर कार्य करने की योग्यता की जॉच तथा शारीरिक जॉच चयन समिति के द्वारा व्यवहारिक रूप से की जायेगी । यदि किसी अभ्यर्थी को संबंधित ट्रेड का कोई पूर्व अनुभव हो तो आवेदन के साथ अभ्यर्थी प्रमाण–पत्र संलग्न करेंगे ।
6. चयन हेतु भाग लेने वाले अभ्यर्थीयों को चयन समिति के समक्ष उपस्थित होने के लिए आने–जाने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा ।
7. एक आवेदक एक ही आवेदन समर्पित करेंगे ।
8. यह नियुक्ति कार्मिक एवं प्रशासनिक सुंधार विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या–1198, दिनांक–26.03.2010 जो बिहार गजट (असाधारण) 29 मार्च, 2010 एवं सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना 19553, दिनांक–26.12.2013 में निहित निर्देश के आधार पर की जायेगी ।
9. परिचारी विशिष्ट (रसोईया) पदों पर नियुक्ति हेतु अर्हताऍ चयन प्रक्रिया का मापदंड :–

    i. उम्र दिनांक–01 जनवरी, 2019 को

    (क) सामान्य वर्ग (पुरूष) न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम 37 वर्ष (यानि 18–37) ।

(ख) पिछड़ा वर्ग/ अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला) के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 40 वर्ष (यानि 18–40) ।

(ग) अनारक्षित वर्ग (महिला) के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 40 वर्ष ।

(घ) अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जानजाति के (पुरूष एवं महिला) के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 42 वर्ष ।

ii. **शैक्षणिक योग्यता–** परिचारी विशिष्ट (रसोईया) के लिए मान्यता प्राप्त बोर्ड/ यूनिवर्सिटी से मैट्रिक उत्तीर्ण अथवा समकक्ष वर्ग उत्तीण होना आवश्यक है ।

iii. **चिकित्सीय परीक्षण–** नियुक्ति के पूर्व सभी चयनित अभ्यर्थीयों के स्वास्थ्य का चिकित्सीय परीक्षण किया जायेगा । आंख, कलर ब्लाइन्डनेस, श्रवण शक्ति, हकलाहट, फ्लैटफुट एवं नौकिंग नी आदि की भी जॉच की जायेगी । नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों का चिकित्सीय परीक्षण में सभी प्रकार से योग्य एवं सक्षम पाया जाना अनिवार्य होगा ।

**परीक्षा के चरण –**

i. **हिन्दी परीक्षा –**

परिचारी विशिष्ट (रसोईया) के लिए लिखित परीक्षा हिन्दी में सिर्फ आवेदक के हिन्दी पढ़ने–लिखने के ज्ञान के लिए होगी ।

चयन पर्षद के एक सदस्य द्वारा सरल एवं सामान्य भाषा में एक लेख लिखवाया जायेगा, जिससे आवेदक के हिन्दी पढ़ने–लिखने के ज्ञान की जॉच हो सके । इसकी अवधि 01 घंटा की होगी । इस जॉच पर कोई अंक देय नही होगा । इस जॉच में जो भी अभ्यर्थी सक्षम होंगे उन्हें ही द्वितीय चरण की जॉच परीक्षा में मौका दिया जायेगा ।

ii. **शारीरिक परीक्षा :–**

(1) **दौड़ :–**

पुरूषों के लिए 01 मील (1609 मीटर) की दौड़ के लिए समय सीमा–10 मिनट (अधिक समय लेने वाले अभ्यर्थी असफल होंगे) ।

महिलाओं के लिए 01 कि0मी0 (1000 मीटर) की दौड़ के लिए समय सीमा–10 मिनट (अधिक समय लने वाले अभ्यर्थी असफल होंगे) ।

(2) उम्मीदवार का नाम निकटतम नियोजनालय में विज्ञापन प्रकाशन के पूर्व से निबंधित होना अनिवार्य होगा तथा उम्मीदवार को साईकिल चलाने का ज्ञान आवश्यक होगा । महिला उम्मीदवार के मामले में साईकिल चलाने की अहर्ता से छूट रहेगी ।

iii. **व्यवहारिक योग्यता परीक्षा –**

वे उम्मीदवार, जो द्वितीय स्तर पार करते है, उनके लिए व्यवहारिक परीक्षा का आयोजन किया जायेगा । इस परीक्षा के दौरान उम्मीदवार के आवेदित पद से संबंधित किसी एक कार्यवाही को करने का निर्देश दिया जायेगा । कार्यवाही का चयन लौटरी द्वारा किया जायेगा । प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए आवश्यक सामग्री चयन पर्षद द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी । इस प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए निर्धारित 100 अंक में से 30 अंक प्राप्त करने वाले ही उत्तीर्ण माने जायेंगे । मेघा का निर्धारण व्यवहारिक परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर किया जायेगा तथा मेघा सूची के अनुसार अभ्यर्थीयों का चयन किया जायेगा ।

परिचारी विशिष्ट (रसोईया) हेतु रोटी/ चावल/ सब्जी/ दाल/ मटन/ चिकेन / मछली/ अण्डा/ खीर बनाने की जानकारी होना अनिवार्य होगा ।

10. आरक्षण—बिहार में पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम—1991 (बिहार अधिनियम—3, 1992) (समय—समय पर संशोधित) के अनुसार आरक्षण के प्रावधान लागु होंगे ।
11. आरक्षण का लाभ लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी आरक्षण कोटि के प्रमाण—पत्र की छायाप्रति संलग्न करेंगे ।
12. इस नियुक्ति प्रक्रिया को किसी भी समय रद्द अथवा स्थगित करने का अधिकार चयन समिति के अध्यक्ष का होगा ।
13. सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया एवं तिथि आदि की अद्यतन सूचना समय समय पर बिहार पुलिस की वेबसाईट—www.biharpolice.bih.nic.in पर प्राप्त किया जा सकता है ।

**आवेदन जमा करने का पता :—**

''उप निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर''
राजगीर—803116. जिला—नालंदा ।

ह0अ0 /—
( डा0 परवेज अख्तर )
पुलिस उप—महानिरीक्षक सह उपनिदेशक,
बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर ।

## आवेदन पत्र का प्रारूप

**विज्ञापन संख्या–01/2019/बि0पु0अका0**

| आवेदक का स्वहस्ताक्षरित फोटो |
|---|

सेवा में,

अध्यक्ष,
चयन समिति,
बिहार पुलिस अकादमी,
राजगीर, नालंदा ।

1. आवेदक का नाम ..........................................................................................
   (बड़े अक्षरों में)
2. पिता का नाम ..........................................................................................
   (बड़े अक्षरों में)
3. स्थायी पता ..........................................................................................
   ..........................................................................................
4. पत्राचार का पता ..........................................................................................
   ..........................................................................................
5. जन्म तिथि ................. दिन ...................... माह .................... वर्ष
6. उम्र (दि0–01.01.2019) ................. दिन ...................... माह .................... वर्ष
7. राष्ट्रीयता ..............................................................
8. जाति–सामान्य /अनु0जाति/अनु0 जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग जो हो लिखे ......................
9. आवेदित पद का नाम ..............................................................
10. शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करेंगे)..........................................................
11. नियोजनालय का नाम ( निबंधन संख्या सहित) ..........................................................
12. पहचान के दो चिन्ह (क) ..........................................................
    (ख) ..........................................................
13. आवेदक का हस्ताक्षर ..........................................................

### घोषणा–पत्र

मैं प्रमाणित करता/ करती हूँ कि उपर दी गयी सूचनाएँ तथा संलग्न प्रमाण–पत्र सही है । गलत पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी एवं नियुक्ति बिना सूचना के रद्द की जा सकती है । मैं यह भी घोषणा करता/ करती हूँ कि मेरे विरूद्ध पुलिस थाना या न्यायालय में कोई फौजीदारी मामला लंबित नही है ।

(आवेदक का पूरा हस्ताक्षर)

स्थान....................................
दिनांक.................................

..........................................................................................

### आवेदन पत्र का पावती–पत्र

श्री/ श्रीमति..........................................................................
पिता का नाम श्री ..........................................................................
..........................................................................
से आवेदन पत्र प्राप्त किया जिसका क्रमांक .............................................. है ।

जमाकर्ता का हस्ताक्षर
(मुहर के साथ)